चौधरी औम प्रका ा चौटालाः अध्यक्ष महोदय, ये कैसे बोल रहे है? ये किस हैसियत से बोल रहे है? कोई इन से मुखातिक नही हो रहा है। यह कोई चुंडुखाना नही है, विधान सभा है। तुम्हे तरीके से बात करनी चाहिए, सोच समझ कर बात करनी चाहिए।

श्री मनी राम केहरवाला: अध्यक्ष महोदय, मै आपके माध्यम से इनसे पूछना चाहूंगा कि हमें डिक्टेट कैस कर रहे है? ये आपकी तरफ से मुखातिब होने चाहिए और आप हमें मुखातिब करें। ये हमे धमकी देने वाले कौन होते है, हमें डिक्टेट करने वाले कौन होते है?

Mr. Speaker: Mani Ram ji, you please take your seat. He is not dictating you.

चौधरी औम प्रका ा चौटाला: अध्यक्ष महोदय, यदि आप टाईम देंगे और मुझे टाईम मिलता है या मेरी पार्टी को कोई समय अलाट है और यदि उस रे ाो से मुझे टाईम मिलता है तो मै जरुर बोलुंगा।

Mr. Speaker: Chautala Ji, you have already spoken for 20 minutes. Please conclude within 5 minutes.

चौधरी औम प्रका ा चौटाला: अध्यक्ष महोदय, मै यह जिक्र कर रहा था कि इन हालात में, परिस्थितियो में, चाहिए तो यह था कि सरकार की तरफ से उन बाढ पीडित लोगो की सहायता की जाती लेकिन सरकार ने एक निर्णय ले लिया, कि कच्चे मकान जिसके गिर जाएंगे, उसको 12 सौ रुपये की धन रा ि ा मिलेगी। अध्यक्ष महोदय, अगर किसी गरीब ने पांच सात पीडियो से, 4–5 मकान बना लिए और प्रकृति के प्रकोप से 3 मकान गिर गए और सिर्फ एक कोठरा बच गया तथा वह अपने बच्चो को घूप और छांव से बचाए बैठाहै, उसकी उस में लिए बैठा

है तो यह सरकार इस इंतजार में है कि कब जाकर उसका वह मकान गिरे ओर कब जाकर उसको 12 सौ रुपये दिए जाएं। यह सरकार के कायदे है, सिर्फ दो हजार रुपये पक्के मकान के लिए रखे है। पूरा घर जब गिर जाए तब उसको दो हजार रुपए मिलेंगे। सरकार को इस बात का ज्ञान नही है कि आजकल दो हजार में दो हजार ईंटे भी नही आती, उससे छप्पर भी नही बन सकता। तो उसके टूकडे करके दु:खी लोगो के सिर फोड दें, जिनके साथ इस तरफ का मजाक करते है। तब भाायद कुछ काम चल जाएगा, वरना दो हजार रुपये से किसी गरबी की क्या मदद की जा सकती है और वह भी नही दिए जा रहे है। उसमें भी पैसे लिए जा रहे है और मनमाने लोगो को दिए जा रहे है। अध्यक्ष महोदय, सन् 1988 मे जब फ्लड आया था और उस वक्त हरियाणा प्रदे ा के मुख्य मंत्री चौ0 देवी लाल थे। तब पांच हजार रुपए हर मकान वालो को दिए गए थे और 15 हजार रुपए सरकारी बैंको से बिना ब्याज लोन दिया गया था ताकि 20 हजार से उनके मकान बन सके। आज की सरकार को इतना नही पता कि दो हजार रुपए में किसी का मकान बन सकता है या नही। यह सरकार ने मदद की है। अध्यक्ष महोदय, जहां पर तूडा देने का प्र न आया वहां जाकर के कहा कि आपको 130 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से तुडा दिया जाएगा। हस सबसिडी भी आपका जरुर देंगे। अध्यक्ष महोदय, जब लोग बाढ से घिरे हुए थे, उनके पास खाने को अनाज नही था। वे कही बाहर नही जा सकते थे, तब इनकी सरकार की तरफ से 4.20 रु प्रति किलो के हिसाब से

उन्हे आटा तकसीम किया गया। यह मदद उन बाढ पीडितो की सरकार की तरफ से की गई है।

जहां एक ओर लोग बाढ से बर्बाद हो गए वही दूसरी ओर उनको बिजली भी नही मिल पा रही है। इसके साथ ही लोग गन्दा पानी भी पी रहे है। जिसके कारण बीमारी फैल रही है। आज लोग गन्दा पानी पीने को मजबूर है। इसके अलावा आज प्रदे ा में भयंकर सूखे की स्थिती हो गयी है। सरकार आज भी इस मामले में कुछ स्पश्ट नही कर पायी है, बार बार यह ब्यान आता है कि केन्द्र की सर्वे पार्टी प्रदे ा में सर्वे के लिए आयी है। लेकिन यह पता नही कि सर्वे की क्या रिपोर्ट आई है, केन्द्र की सरकार ने प्रदे ा की सरकार को कितनी मदद दी है और कितने लेागो को वह मदद दे दी गयी है तथा कितने लोग उस मदद के वास्तव में हकदार है, जिनको यह मदद मिल सकती है। अध्यक्ष महोदय, आज लोग परे ाान है, उनको समझ नही आता कि वह कहां जाए?प्र ाासन निश्किय बैठा हआ है। प्र ाासन कहता है कि हमारे पास पैसा नही है? आज बिजली की कमी की वजह से लोग दुखी है। स्पीकर साहब, आप एक ऐसे क्षेत्र से है, जहां की जमीन बडी उपजाऊ है, जहां टयूबवैल से सिंचाई के बडे अच्छे साधन है। आप तो एक प्रगति ाी का तकार रहे है। आपको यह भी पता है कि आज बिना बारि ा के खेती नही है। अगर बारि ा हो गयी तो खेत में बीज डाल दिया और छः महीने के बाद फसल को इकट्ठा करके ले आए। आज खेती करना एक प्रकार से व्यापार

है, जिसमें जितना लगाएंगे, उससे उतना ही मिलेगा। आज एक एक डमें जीरी की, कपास की फसल लेने के लिए 2500 यह 3000 रुपये प्रति एकड का खर्च होता है जबकि सरकार की तरफ से एक नये पैसे का कम्पनसे ान नही दिया गया, जहां पर जीरी की फसल बर्बाद हो गयी थी। सरकारी कर्मचारी अगर आए तो लोगो से कहा गया कि अभी तो हम देखेगे कि जब यह फसल पूरी तरह से हाथ आएगी सूख जाएगी, बीजी जाएगी, पानी उतर जाएगा तब जाकर हम पता करेंगे। स्पीकर साहब, लेागो ने जहां कही भी पानी उतारा है वहां पर बहुत महंगी बासमती खरीदकर मंहंगी लेबर खर्च करके, दोबारा जीरी लगायी गयी लेकिन उनका यह दुर्भाग्य है कि आज उनको बिजली नही मिल रही है। परमात्मा की भी उन पर कुदृश्टी हो गयी क्योंकि आज बारि ा भी नही हो रही है। बिजली के लिए लोग परे ाान है। अगर कभी बिजली आती भी है तो भी लोगो की मोटरे सड जाती है। स्पीकर साहब, अगर 7.5 होर्स पावर की मोटर एक बार सड जाए तो उसको ठीक करवाने के लिए किसान की जेब से 1000 या 1500 रुपये खचै होते है। पिछले एक महीने से हर किसान की मोटरे दस दस बार सड चुकी है और उनको ठीक करवाने के लिए उनकी जेब से 15–15 हजार रुपये खर्च हो चुका है। ट्रांसफार्मर सडे पडे है। जब लोग बिजली के ऐक्सीयन या एस0 ई0 से सम्पर्क करते ळे तो ये लोग उनसे कहते है कि उनके पास ट्रांसफार्मर नही है। जब लोग इनसे कहते है कि इन्ही ट्रांसफार्मर की आप मुरम्मत कर दो तो वे कहते है उनके पास तार नही है और तार इसलिए नही है क्योंकि उनके

पास पैसा नही है। आज हरियाणा स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड की हालत यह है कि इसका 1225 करोड रुपया का घाटा है। एच0 एव0 ई0 बी0 की तरफ से अखबारो में ब्यान दिया जाता है कि 750 करोड रुपये का घाटा है। अध्यक्ष महोदय, मै आपको बताना चाहता हूं कि हमारी पार्टी के एक सदस्य ने लोकसभा में जब इस बारे में केन्द्र सरकार से एक सवाल पूछा तो उसका उतर केन्द्र सरकार की तरफ से यह आया कि 1225 करोड रुपये का घाटा है। जब हमारी पार्टी की सरकार थी तो इसका घाटा 300 करोड रुपये का था। अध्यक्ष महोदय, इन 26 महीनो में इस बोर्ड का घाटा 1225 करोड रुपये का कैसे हो गया? क्या सरकार इस बारे में बताएगी कि इन्होने कितने नये टयूबवैल लगाएं कितने नये कनैक ान दिये और कितने उपभोक्ताओ को बिजली मिली, कितने उद्योग धन्धो को बिजली मिली? अध्यक्ष महोदय, अभी तक तो उद्योग मंत्री महोदय के दामाद को बिजली के पूरे कनैक ानज भी नही मिल पाए होंगे? आज बिजली कहा चली गयी? अध्यक्ष महोदय, लोग परे ाान है किबिजली कहां चली गयी? जो बिजली के कंट्रक्टर थे वे सरकार का काम करने को तैयार नही है। (घण्टी) अध्यक्ष महोदय, मै हुक्म का पाबन्द हूं। आप जब भी आदे ा देंगे मै बैठ जाउंगा। मुझे विधान सभा के कानून का पता है। मै कह रहा था कि सरकार की इस यह हालत है। इस प्रकार के वातावरण में हम आपसे प्रोटैक ान मांगते है। हरियाणा प्रदे ा आपकी तरफ देख रहा है ि कइस सरकार से कम से कम इस प्रकार के आ वासन तो लिए जाए कि बाढ से जो पीडित लोग है

सरकार उनकी किस हद तक मदद कर पायी है तथा कितनी मदद यह सरकार और कर सकती है? आज जीरी की फसल बर्बाद हो रही है, नरमा कपास की फसल बर्बाद हो रही है, सावनी की फसल बर्बाद हो रही है, मै आपके माध्यम से सरकार से इस हाउस में जानना चाहूंगा कि कब तक बिजली मिलेगी? आज बिना नोटिस के कट लग जाता है। भाहरो में दो घंटे के लिए बिजली का कट लगा हुआ है। अध्यक्ष महोदय, आज आप किसी भी भाहर में जाकर देखें। आप तो कम से कम अपने क्षेत्र मे जाते रहे होंगे और आपको रैस्ट हाउस में भी रुकने का अवसर मिला होगा तो आपको भी इस बात से खास तौर से वास्ता पडा होगा वहां बिजली तो है नही। हम लोग तो आदि हो गए है। किसान तो फिर भी बर्दा त कर लेंगे, मच्छर खांएंगे तो भी बेचारे अपने खेत में पडे रहेंगे। परे ाानी तो उन लोगो को है जो मांगे राम गुप्ता जी के परिवार के लोग है जिन्होने बडे चाव से इस सरकार को बनाने में अहम भूमिका निभाई थी, उनकी हालत बडी खराब है। एक से तीन घंटे तक बिजली का कट होता है। अध्यक्ष महोदय, हमारे बारे में अगर सरकार कहे तो हम मान सकते है क्योंकि हमने सरकार का विरोध किया लेकिन ए0 सी0 चौधरी और मांगे राम गुप्ता जी ने इस सरकार को बनाने में अहम भूमिका निभाई थी, संयोग से बिजली का महकमा भी इनके पास है। मै आपके द्वारा आ वासन चाहता हूं कि कही फूड एंड सप्लाई की बजाए, एक्साइज एण्ड टैक्से ान की हालत के जो किस्से छपे थे, वे कही बिजली में न भाुरु हो

जाएं। इनका हाथ तो ऐसा है कि जब भी ये कमलदान में हाथ डालते है, उस कमल दान का सवा सत्याना ा हो जाता है।

श्री अध्यक्षः आपका टाईम खत्म हो गया है, आप कृप्या बैठ जाइएं।

चौधरी बंसी लाल (तो ाम): अध्यक्ष महोदय, पिछले दिनो प्रदे ा में बहुत भारी बारि ा हुई जिसकी वजह से पूरी स्टेट में बाढ आई। इसमें कोइ दो राय नही कि स्टेट के लोगो को बडी तकलीफ उठानी पडी। 40 से ज्यादा आदमी मर गए, कई हजार मकान गिर गए और कई हजार की तादाद में मकान डैमेज हो गए, बीमारियां फैल गई और लोगो को भारी तकलीफ का सामना करना पडा। सबसे ज्यादा अफसोस तो मुझे इस बात का है कि सरकार की तरफ से लोगो को कोई सहायता नही मिली। मै भिवानी जिले में गया था। वहां चरखी दादरी गांव में 8–8 फूट पानी खडा था, परन्तु गांव के लोगो को सरकार की तरफ से कोई सहायता नही दी गई। अडोस–पडोस के गांव वाले अपने ट्रैक्टर टैम्पो और फोर व्हीलर लेकर आए और पानी में से गांव के बच्चो और औरतो को निकाल कर ले गए। दादरी के पास के गावों बिरहीकलां बिहरीखुर्द पांडवान और दिक्कारा में औरते कमर से ऊंचे पानी मे पानी के मटके भरकर ले जा रही थी। कुए और जमीन के पानी का स्तर बराबर हो गया। जिस खेत में थोडा पानी साफ दिखाई दे रहा था वहा ंसे औरते मटको में पानी भरकर ले जा रही थी। सारे इलाके का दौरा करने हम तीन एम0 एल0 ए0

श्री धर्मपाल सिह, प्रो0 छत्तर पाल सिंह चौहान और एक एम0 पी0 चौधरी जगबीर सिंह, चारो आदमी दादरी गए और एस0 डी0 एम0 से मिलने के लिए फोन किया। जवाब मिला की साहब ग त पर है, तो हमने उससे पूछा कि भाहर में है या बाहर है क्योंकि बाहर से तो हम आए थे, उसने कहा मालूम नही? धर्मपाल सिंह जी ने हम सबका नाम बताया और कहा कि हम उनसे मिलना चाहते है दो मिनट के बाद स्टैनो का फोन आया कि साहब आ गए है, उनकी गाडी खराब हो गई थी, ठीक होने गई है दस मिनट में आ जाएंगे। अगले 5 मिनट के बाद फोन आया ओर हमें बुलाया गया, हम मिलने चले गए।

अध्यक्ष महोदय, मै मुख्य मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्शित करना चाहता हूं कि एस0 डी0 एम0 हो या डी0 सी0, ए0 डी0 सी0 या बी0 डी0 ओ0 कोई भी अधिकारी हो, अगर बाढ आ जाए या कोई नेचुरल कैलेमिटी हो और उस वक्त वह लोगो से मिलने से परहेज करता हो तो मै समझता हूं कि यह उसका क्रिमिनल ऐक ान है। हम तो तीन एम0 एल0 ए0 थे, हमको तो वह मिल गए। अगर देहात से कोई पीडित आदमी आ जाए तो उसको मिलना तो चाहिए। वहा ंपर पीने के पानी का इंतजाम करने के लिये हमने एस0 डी0 एम0 से भी कहा और डिस्ट्रिक्ट अथोरिटीज़ से भी कहा कि इसका प्रबन्ध किया जाये। उन्होने प्रबन्ध तो किया मगर दो दिन लेट प्रबन्ध किया। भिवानी भाहर की हालत यह थी कि पूरे भाहर में तो नही, हां आधे से ज्यादा भाहर

पानी में डूबा हुआ था। लोगो के घरो में 4–4 ओर 5–5 फुट पानी खडा हुआ था। उस पानी को निकालने का कोई प्रबन्ध नही था। डिप्टी कमि नर से कहा तो उसने कहा कि मैने ए0 डी0 सी0 की डयूटी लगाई हुई है। ए0 डी0 सी0 से कहा तो वह कहते है कि मैने एस0 डी0 एम0 की डयूटी लगाई है। किसी की भी डयूटी लगाओ मगर लोगो की सहायता तो करो। मुझे बडे अफसोस के साथ कहना पड रहा है कि अफसरो ने वहां के लोगो की किसी किस्म की कोई सहायता नही की। लाला राम भजन तथा प्रो0 छतर सिंह चौहान कैथल भी गये और सिरसा भी गये। वहां पर भी मोर और लैस ऐसी ही हालत मिली। अलबत्ता सरकार के दबाव के कारण यह वहां के लोकल अधिकारी कुछ अच्छे थे कि फतेहाबाद को डूबने नही दिया। यह अच्छी बात है उन्होने कुछ प्रबन्ध किया हुआ था। रतिया के इलाके में बहुत नुक्सान हुआ और इसी तरह से लोगो की तबाही हुई है। वहां के अधिकारी मौके पर जाने के बजाये मकानो के अन्दर घुस कर बैठ गए और बाहर नही निकले। सरकार को उनको सजा देनी चाहिये। डिटेरैंन्ट पनि ोमैंट मिलनी चाहिए ताकि आइन्दा के लिए कोई अधिकारी इस किस्म की गलफत न करे। अध्यक्ष महोदय, मकानो का जो कम्पनसे ान दिया जा रहा है, वह बहुत कम है। 1200 रुपये से क्या होगा। हमारे जिले में तो 1200 रुपया भी किसी को नही मिला। अगर 1200 किसी को देते भी है तो वह एसे आदमी को देते है जिसका पूरे का पूरा मकान गिर गया हो। अगर किसी एक कोठडा भी पूरे मकान में से बच गया तो उसको एक पैसा भी नही

मिला। कम्पनसे ान पूरा मिलना चाहिए। उसके साथ साथ जो आदमी मर गए है, उनको कम्पनसे ान सरकार को पूरा देना चाहिये क्योंकि मरने वालो को तो कोई कसूर नही है। इसकी जिम्मेवारी सरकार के उपर आती ही आती है। एक और बात एसे हुई। भगवान जाने क्या हुआ। एक तरफ बारि ा आई और दूसरी तरफ बाढ आयी। जो फसल किसान ने बो रखी थी, वह तबाह हो गयी, वह तो मारी गयी। उसके बाद कई दिनो तक मौसम खुला नही। अगर कही पर खुल गया और किसी ने कुछ बोया तो वह पैदा नही हुआ। आज हमारे भिवानी जिले में तो हालत यह है कि तुडे का भाव 150 रुपये क्विंटल है। मै सरकार को आपके जरिये समय रहते आगाह करना चाहता हूं कि कहत के आसार है। वैसे तो पूरा कहत पड ही गया है।ज्यादा बारि ा होने के बाद, बाढ आने के बाद पता नही किस किस्म की बारि ा थी कि कुछ भी पैदा नही हुआ। इस वजह से आज प ुाओ के लिए चारा नही है। मवे ाी कुछ तो डूब कर मर गये और कुछ अब मर जायंगे क्योंकि उनके खाने के लिए चारा नही मिलेगा। तो मैने सरकार से इस बारे में मार्च में भी कहा था कि हमारे जिले में पीने के पानी की किल्लम आयेगी। मुख्य मंत्री जी ने और मंत्री ने, सबने यह कहा कि हम पीने के पानी का पूरा प्रबन्ध करेंगे। वहां पर दो दो साल के कइ गावो में पीने का पानी नही पहुंचा है। मै इस सरकार को आज इस चीत के लिए आगाह करना चाहता हूं कि मवे ियो को मरने से बचाने के लिए तूडे का, चारे का और सबसिडी का फौरन प्रबन्ध करे ताकि मवे ाी न मर सके। इसके अलावा बीमारियां भी

फैल गई है। मलेरिया तक की दवाईयां लोगो को नही मिली। हमने अधिकारियो से कहा कि डी0 डी0 टी0 का छिडकाव करो। मगर एक आध जगह कही कर दिया हो तो कर दिया होगा वरना कही पर भी डी0 डी0 टी0 का छिडकाव नही हुआ। लोगो की मिटटी खराब हो हुई। अब की बार खराब पानी की वजह से पेट की बीमारियां फैल रही है। वह इसलिये क्योंकि जो वाटर सप्लाई स्कीमे थी, उनके उपर से पानी फिर गया। खराब पानी, गोबर का यह फर्टीलाईजर का पानी वहां से फिर गया। इस वजह से पीने वाले पानी के फिल्टर सब खराब हो गये। उन सब को सरकार साफ करवाये और ठीक कराये ताकि आईन्दा उन सब की वजह से बीमारी न फैले।

अध्यक्ष महोदय, इस ज्यादा बारि ा से यह नुक्सान भी हुआ है कि ड्रेनेज सिस्टम और सीवरेज सिस्टम हर भाहर में खराब हो गया। सीवरेज का कायदा है कि साल में दो बार साफ होना चाहिये और बारि ा से पहले जरुर साफ होना चाहिये। मगर कई कई सालो से सीवरेज सिस्टम साफ नही कराया गया। सरकार के जो पिछले अफसर थे जिन्होने इसको साफ नही कराया और जिन्होने गफलत की उनको सजा दी जाए। स्पीकर साहब, और सरकार जो यह कहती है कि हमने इस काम पर रुपया खर्च किया वह रुपया खर्च हुआ या किसी की जेब में गया है इसकी इंक्वायरी की जाए ताकि आईन्दा तो ये बाते कम से कम न दुहराई जाए। स्पीकर साहब, छिडकने की दवाएं पूरी भेजी जाए। इस वक्त तो

दवाएं पूरी नही गई है। कही दवाए गई है और कही नही गई। स्पीकर साहब, सरकार के पास कोई खाली कट्टे नही जिनमें मिटटी भर कर बांध बना दे ताकि पानी आगे न जाए। हमारे विधायक श्री राम भजन जी ने सरकार के लिए 1700 कट्टे का इन्तजाम करवा दिया। डिप्टी कमि नर ने यह कहा कि कल भााम तक पैसे मिल जाएंगे लेकिन आज सवेरे तक पैसा नही मिला। (ाोर एवं व्यवधान) स्पीकर साहब, मै उन लोगो को मुबारकबाद देता हूं कि जिन लोगो ने सरकार की गफलत के बावजूद, स्पीकर साहब, सरकार की गफलत में कमी नही रही (व्यवधान), यह कोई हंसने की बात नही है, स्पीकर साहब, सरकार की तरफ से इतनी गफलत रही और गफलत रही नही बल्कि वह गफलत आज भी है, मुख्य मंत्री जी मै आज भी यह बात कह रहा हूं और यह ठीक भी है। मै गलत बात नही कहता यानि सरकार की गफलत के बावजूद लोगो ने, देहातियो ने, भाहरियो ने आटा, गेहूं और खाने पीने की दूसरी चीजे कपडा आदि जो लोगो में बांटा, स्टेट के उन लोगो को मै मुबारकबाद देता हूं।

स्पीकर साहब, अब मै बिहरी गांव जो दादरी हल्के में है, के बारे में कहना चाहता हूं। वहां हरिजनो के साठसे ज्यादा घर गिर गए। अब तक उनको कोई कम्पनसे ान नही दिया गया। इसी तरह से बिरही खुर्द, पांडवान, मेहडा, धीकाडा, मेहडा और खेडी के जंगल मे आज तक पानी खडा है। इसको निकालने का कोई प्रबन्ध नही है। स्पीकर साहब, पानी निकालने की बहुत

आसान बात है। उस को इंदिरा गांधी कैनाल मे ंडाल दो वह आगे लोहारु से बहल की तरफ चली जाएगी। और वहां रबी की फसल का त करवा देना। एक पंथ दो काज हो जाएंगे। स्पीकर साहब, मंदोला के जंगल में पानी खडा है और जो कुंआ ज्यादा बाढ आने से खत्म हो गए है, नीचे से काट काट कर कुंए की नाल को, पानी उसमें गंदा भर गया है। नए कुएं बनाने के लिए गावो की पंचायतो को सहायता दी जाए। कई जगह ऐसा हुआ है कि ज्यादा उंचा पानी भर गया और उंचा पानी भरने से और ज्यादा दिन तक बारि ा होने की वज़ह से उपर के पानी से जो बिजली लीक हुई उसे कम से कम पचास साठ ट्रांसफार्मर जल गए है जो इस वक्त तक रिप्लेस नही हुए है। उनको रिपलेस करना चाहिए और कूंगड के पास ज्यादा बारि ा होने की वजह से नहर टूट गई। नहर टूटने से कुंगड मैनी जाटान, मैनी ठाकरान और सिवाना में तीन तीन चार चार फूट पानी खडा हो गया और बहुत सी जगहा पर उनमें से आज भी पानी खडा है और बवानीखेडा हल्के अकेले में कम से कम दो सौ पचास घर गिर गए। यहां कूगड में, बवानीखेडा में, रोहनात में और बलियाली में यानी सब जगह घर गिर गए है और लोग मरे भी है। जैसे रोहनात में चौकीदार मुनादी कर रहा था वह दीवार गिरने से मर गया। पुर गांव में वाल्मिकियो का लडका था, वह जा रहा था, रास्ते में दीवार गिर गई और वह मर गया। ऐसे लोगो को जल्दी से जल्दी कम्पनसे ान दिया जाए और अच्छा कम्पनसे ान दिया जाए। स्पीकर साहब, इसी तरह से बडेसरा, सुखपुरा गावों मे आज दो

तीन फूट पानी खडा है। ये गांव भिवानी जिले में है। स्पीकर साहब, फरीदाबाद में बढराम गांव मे खेतो मैं आज तक पानी खडा है। अगर उसको नहर में डाल दो तो वे लोग भी फसल का त कर लेंगे और वह पानी आगे भी किसी काम आ जाएंगा। स्पीकर साहब, आपके जरिए मै सरकार से जानना चाहूंगा कि वह लोगो को कम्पनसे ान क्या देगी, किस भाक्ल में देगी, कितनी ग्रान्ट देगी और कितना कर्जा देगी क्योंकि गरीब आदमी जिनके घर बिल्कुल गिर गए, वे तबाह हो गए है और गरीब तो क्या खाता पीता आदमी भी नया मकान आसानी से नही बना सकता।

स्पीकर साहब, बिजली की हालत यह है कि आती ही नही है। अगर पांच मिनट आती है तो एक घंटा गायब और अगर 10 मिनट आती है तो दो घंटे गायब। मेरे ख्याल में आपकी कांस्टीच्यूऐंसी में भी यही हाल है। इसलिए बिजली का प्रबन्ध व्यापक रुप से होना चाहिए। स्पीकर साहब, परसो चौथे, टी0 वी0 के अनदर हमने सुना कि तीन चार स्टेटस ने एन0 टी0 पी0 को बिजली के पैसे नही दिये है। जिनमें हरियाणा का भी नाम है। अगर ये स्टेटस पैसे नही देगी तो वे इनकी बिजली काट देंगे। अध्यक्ष महोदय, बिजली काटने से तो दे ा को नुकसान होगा, अकेले हरियाणा का नुकसान नही होगा। इसलिये मै सरकार से यह कहूंगा कि वह केन्द्रीय सरकार से इस बारे में बात करे कि ऐसा कोई ड्रसटिक स्टैप एन0 सी0 टी0 पी0 न उठा ले कि बिजली का कनैक्ा ान की काट दिया जाए। अगर बिजली का कनैक्ा ान

कट जाएगा तो क्या हालत हो जाएगी, यह आप समझ सकते है। अव्वल तो पहले ही बिजली नही आती और अगर आती है तो इन हालात मे ंवह भी बन्द हो जाएगी, फिर किसान कहां जांएगे? मै सरकार से जानना चाहता हूं कि सरकार बाढ पीडित लोगो को कब तक सहायता दे देगी? चारे का प्रबन्ध कब तक कर देगी? पीने का पानी का जो नुक्सान हो गया है, बैड खराब हो गये है, सरकार उन को कब तक ठीक कर देगी। अध्यक्ष महोदय, आज सवेरे एक क्वै चन भी आया था कि नहरो की डी–सिलटिंग करनी है। अगर वक्त पर नहरो की डी–सिलटिंग हो जाती तो आज ये हालात पैदा न होते। नेहरा साहब इस वक्त बैठे नही है,कही इधर उधर चले गये होंगे। वे कहते थे कि बारि ा के बाद डी–सिलटिंग करेंगे। बारि ा तो पिछले साल भी हुई थी, उसके बाद ही डी–सिलटिंग कर दी होती तो अब बाढ से इतना नुकसान न होता, नहरे टूटती नही।

अध्यक्ष महोदय, दूसरी बात यह है कि कुरुक्षेत्र जिले का कुछ हिस्सा करनाल जिला पूरा और कुछ हिस्सा कैथल का, कुछ हिस्सा हिसार जिले का और कुछ हिस्सा जींद जिले का, पूरा पानीपत जिला, पूरा सोनीपत जिला, रोहतक का पूरा जिला, पूरा महेन्द्रगढ, पूरा भिवानी, व रेवाडी जिला और पूरे गुडगांव और फरीदाबाद जिले, इनमें नहरो का पानी अगर जाता है तो वह भी केवल तीन या चार दिन जाता है। अध्यक्ष महोदय, मै किसी भी किसान की बुराई नही चाहता लेकिन मै यह जरुर चाहता हूं कि

आज बाढ से जो नुक्सान हो गया है, आज ड्रऊट की जो कंडी ान पैदा हो गई है, इसके लिये सरकार को चाहिए कि किसानो के खेतो के लिये सरकार, यह जो इलाके मैने बताए है, इनमे पानी डाईवर्ट करके इन इलाको के किसानो को पानी दे ताकि वे अपनी फसलो को बचा सके और रबी की फसल की का त कर सके, क्योंकि चने की फसल को जब एक बार बो दिया जाता है तो बाद में भगवान अगर दो उंगल बारि ा कर दे तो चना पूरा हो जाता है। इस तरह से सरकार को इस ओर वि ोश ध्यान देना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, मै यह कहे बगैर नही रह सकता कि पूरे हरियाणा के अन्दर बाढ के मामले में सरकार ने गफलत दिखाने में कोई कसर नही छोडी है। पूरी गफलत दिखायी है और जो अधिकारी मौके पर थे, जिनके क्रीमीनल ऐक ांज है, ओमि ांज है, जिन अधिकारियो ने मौके पर जाकर कुछ काम नही किया है, किसी की डयूटी नही लगाई और किसी इलाके को देखने तक नही गए, ऐसे अधिकारियो के खिलाफ सरकार ऐक ान ले। बाढ के बारे में तो मै इतना ही कहना चाहता हूं। ड्राऊट के बारे में, जब दूसरा ओकेईयन आएगा तो मै बोलूंगा। धन्यवाद।

वैयक्तिक स्पश्टीकरण–

बिजली मंत्री द्वारा

बिजली मंत्री (श्री ए0 सी0 चौधरी): स्पीकर साहब, आन ए प्वायंट आफ पर्सनल ऐक्सप्लेने ान। अभी चौटाला साहब ने

बोलते हुए मेरे बारे में एक सरकासटिक रिमार्क पास किया है, वह कह कर कि एक्साईज एंड टेकसे ान की करनाल वाली बात यहां पर दोहराई न जाए (ाोर एवं व्यवधान)मेरे पर उन्होने वाई नेम पर्सनल अटैक किया है, इसलिए मेरी यह जिम्मेवारी बनती है कि मै पर्सनल ऐक्सप्लेने ान दूं ताकि उनकी गलतफहमी दूर हो जाए और लोगो को भी पता लग जाए कि कौन कितने पानी में है? (विघ्न) स्पीकर साहब, अगर मै आज उनकी बात का जवाब नही दूंगा तो फिर कल को तो चीफ मीनिस्टर साहब ने जवाब देना है, मुझे अपनी बात कहने का मौका नही मिलेगा। इसलिये मै आज ही अपना स्पश्टीकरण देना चाहूंगा।

चौधरी बंसी लालः स्पीकर साहब, पर्सनल ऐक्सप्लेने ान होता है Just after the Question Hour and before taking the business of the House.

श्री ए0 सी0 चौधरीः स्पीकर साहब, उन्होने वाई नेम रिमार्कस कहे है, जिसका उतर तो मुझे देना ही होगा। (ाोर) स्पीकर साहब, माननीय सदस्य ने अपनी बात करते करते एक जिक कर दिया बिजली के बारे में। उसका तो मुख्य मंत्री जी जवाब देंगे ही लेकिन मै भी दे दूंगा। जहां तक इन्होने ऐक्साईज एण्ड टैकसे ान विभाग का जिक करते हुए यहां कहा है कि यहां भी कही करनाल जैसा वाक्या न हो जाए तो उस बारे में मै कहना चाहता हूं कि करनाल में कोई वाक्या नही हुआ। फिर भी जो कुछ अखबारो में निकला, उसको देखते हुए मैने सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग

जज द्वारा इंक्वायरी की मांग करके यह साबित कर दिया कि यह चौटाला टाईप चोरिया नही है। हमारा यहां पर लोगो की सेवा करके सफेद कपडो को बे–दाग रखने का चरित्र है। अगर यह न होता तो जब इनकी सरकार टूटी थी, उसके बाद पहले साल मै मैने स्टेट को दो सौ करोड रुपए का एडी ानल रैवेन्यू दिया। उस समय हमने कोई नया टैक्स नही लगाया, बल्कि टैक्सो में कंसे ान करके वह रैवेन्यू दिया। तो यह इस बात का दयोतक है कि हमने इनकी चोरियां को रोका जिसकी इनको बहुत तकलीफ है। आगे क्या नही इनको कितनी तकलीफे दूंगा यह तो आने वाला वक्त बताएगा।

राज्य मे बाढ की स्थिती से सम्बन्धित नियम 84 के अधीन प्रस्ताव पर चर्चा (पुनरारम्भ)

श्रीमती चन्द्रावती (लोहारु): स्पीकर साहब, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। इस वक्त हम बाढ के उपर बोल रहे है। समस्या ऐसी है कि बाढ भी आ गई और पीने का पानी तक भी नही मिल रहा है। मै बाढ पीडित गावो का जिक्र करुंगी जिनमें मै खुद जा कर आई हूं। वहां पर जो बाढ आई वह मैन मेड है। जजोपा, बादल और सीसवाल में पंजाब के वक्त के बने हुए बांध थे जिनमें होली तक पानी रहता था लेकि व `अब टूट गए और असावरी के मकानो को नुक्सान पहुंचा। उस पानी ने भीरी और चरखी गावो से टक्कर ली। इस बारे में भाई बंसी लाल जी भी बता चुके है। उस पानी का पम्प आउट करके

लोहारु और महेन्द्रगढ की तरफ भेजा जा सकता था लेकिन वह पानी आज भी वहां पर खडा है। (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए) एक बात मै हमे ाा कहती आई हू कि वहां पर जो लिफ्ट इरीगे ान थी वह खराब है और उसकी वजह से वहां पानी खडा रहता है। उस पानी को आगे नही भेजते। आज सारी नहरे अटी पडी है और उन नहरो की आजतक गाद निकालने की कोि ा ा नही की गई। उनमें से पिछले दस साल से गाद नही निकाली गई जिस वजस से आज वहां पर बाढ की स्थिती हो गई। उसके बाद उससे भी बुरी सुखे की हालत हो गई। पता नही पानी और सूखे का किस तरह से मेल हो गया। हमारे यहां कहते है किजब दक्षिण और पि चत की हवा चलती है तो उससे सारा सूख जाता है। आज किसी भी खेत में दाती चलने की बात नही है। पहले तो कुछ बाढ ने खत्म कर दिया और अब पानी नही रहा है। क्योंकि बिजली नही है। हमारे यहां ढिगावा गांव का एक महीने से ट्रांसफार्मर जला हुआ है। हमारे भाई ए0 सी0 चौधरी वहां पर गए और उस समय इन्होने मुझे कहा कि बहन जी यह ट्रांसफार्मर एकया दो दिन में ठीक कर दिया जाएगा। आज उस बात को एक महीने से ज्यादा हो गया है वह ट्रांसफार्मर आज तक ठीक नही हुआ है। मैने इस बारे मे मुख्य मंत्री जी को टैलीग्राम दिया लेकिन मेरे पासउन टैलीग्रामो का कही से भी कोई जवाब नही आया। मै लोहारु हल्के के 35 गावों में गई और सतनाली के 22 गावो ंमे गई। सभी गावो में लोगो ने एक ही बात कही कि बहन जी पीने का पानी नही है क्योंकि बिजली नही है, बिजली के बगैर टयूबवैल

नही चलते। एक अटेला गांव है। अटेला गांव की वाटर सप्लाई स्करीम से 10 गावो का पीने का पानी जाता है। उसका एक कुंआ काम कर रहा है। बाकी के कुए काम नही कर रहे। इस बार इतना बुरा अकाल पडेगा कि लोग 56 के आकल को भुल जाएंगे। मै हर बात की चिटठीं लिख कर भेजती हूं लेकिन मेरे पास उसका जवाब नही आता है। टैलीग्राम देती हूं लेकिन उसका कोई जवाब नही आता है। बादल मेहडा पिचोपा अठारवी ओर गढी माजरी दादरी तहसील के गांव है इन गावों में बाढ का पानी खडा है। चरखी की हालत बहुत खराब है। आज वहां पर सुखा पडा है और बाढ भी है। ढिगावा का ट्रांसफार्मर एक महीने से पहले का खराब पडा है। उसको ठीक नही किया जा रहा है। डिप्टी स्पीकर साहब, मै जितनी जगहो पर गई हूं उन सभी जगहो पर लोगो ने एक ही बात की कि बहन जी पीने का पानी दें। कुओ का बहुत बुरा हाल है। डिप्टी स्पीकर साहब, मै तो कहती हूं कि पीने के पानी के बारे में यदि लगातार अगले तीन दिन भी हाउस में डिस्क ान हो जाए तो वह भी थोडी है। मै मुख्य मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि आप हफते मे दो दिन दिल्ली रहते है। आप थोडा टाईम हरियाणा को भी दें। आपने हमरे एम0 पी0 तो खरीद लिए आप हरियाणा के लोगो को भी टाईम दे आज खुद जाकर देखे कि हरियाणा के लोगो की क्या हालत है। आप खुद आ कर देखे हम आपको हरियाणा के लोगो की हालत दिखाएंगे। जो 20–20 हजार रुपये की भैंसे थी आज उनको 10–10 हजार रुपए में कोई नही पूछता क्योंकि भैंसो के लिये चारा नही है। आप दिल्ली हफते में दो दिन

जाते है। आप हरियाणा में भी दो दिन जाएं और लोगो की हालत देखें। आप हरियाणा की वजह से चीफ मिनिस्टर है। दिल्ली के आकाओ की वजह से भी होंगे। दिल्ली के आका भी आप पर ही निर्भर है। आप हरियाणा के लोगो की तरफ भी ध्यान दें। आज हरियाणा प्रदे ा में प्र ाासन नाम की कोई चीज नही है। लोगो का किसी भी तरह का काम नही किया जाता है। आज आप खुद देख लें कि क्या हरियाणा में प्र ाासन नाम की कोई चीज है? कोई फाईल नही चलती है। पब्लिक के काम नही होते। प्रदे ा की सडके बाढ के कारण टूट गई है। हमारे यहां कहते है कि बाढडा और लोहारु के पास रेत बह कर आ गया। उस रेत से कही कही पर तो ठीक हो गया क्योंकि यदि वहां पर वह रेत बह कर नही आता तो वह जगह लोगो को ठीक करनी पडती। टिब्बे के टिब्बे बह कर आ गए। अहसास का टिब्बा बाढ के कारण बह कर आ गया उससे वहां पर जो चौक था वह भर गया और वह जगह ठीक हो गई। स्पीकर साहब, बाढ के कारण सडके टूटी हुई हैं। बाढ मैन मेड ज्यादा थी। हमारे यहां दो बांध थे अगर वे न टूटते तो चरखी नही डूबती बिरही गांव में पानी नही खडा होता। बिरही गांव से पानी निकालने के लियेएक भी पम्प नही दिया। चरखी को दो पम्प दे दिये चरखी को जो दो पम्प दिए वह बहुत देर के बाद दिए। बादल गांव का एक मित्रु मित्रु नाम का आदमी हैं। उसके टयूबवैल में दो मोटरे लगी हुई थी। बाढ के कारण यह पता नही लगा कि वे दोनो मोटरे कहा पर चली गई। आज डेढ लाख रुपये में टयूबवैल लगता है लेकिन उसको केवल 1200 रुपए

कम्पनसे ान दिया गया है। आप खुद लोगो की हालत देखकर आओ। चाहड गांव में 8 रुपए के हिसाब से पानी का मटका बिका है। बिजली की हालत यह है कि यदि बिजली आती भी है तो केवल पांच मिनट के लिए आती है। पांच मिनट के बाद चली जाएगी और फिर नही आएगी। अभी 25 तारीख को मै लोहारु गई थी। उस दिन वहां पर चार बजे बिजली चली गई और फिर आई ही नही। यदि बिजली आएगी भी तो बहुत डिम आएगी। डिम लाईट में तो बच्चे पढ ही नही सकते। बहुत बुरा हाल है। प्र ाासन पता नही क्या करता है? लोगो की दिक्कतो को कोई दूर नही करता। बाढ और सुखा दोनो आपदाओ का एक साथ होना एक अजीब सी बात है। कही बाढ आई है तो कही सूखा पडा। सिर्फ कैथल का ही नही सारे हरियाणा का बुरा हाल हुआ है। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरे से पहले औम प्रका ा जी ने तथा भाई बंसी लाल जी ने भी कहा कि कम से कम इनको जा कर देखना चाहिए कि कहां पर लोगो का क्या हाल है? आज बाढ की वजह से सब रास्ते कट गए है। सडके टूटी हुई है, उन पर चलने से किस का नुकसान होता है? सरकारी गाडियां भी उन पर चलती है, जीपे चलती है, बसे चलती है, जिससे सरकार को नुकसान हो रहा है। इन सारी दिक्कतो को दूर करने के लिए सरकार ने कुछ नही किया है। डिप्टी स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री जी को चाहिए कि कम से कम इंस्ट्रक ान जारी करे कि जिन लोगो का नुकसान हुआ है, उनको राहत पहुंचाए। इनको चारे का इंतजाम करना चाहिए, बिजली का इन्तजाम करना चाहिए ओर पानी का इंतजाम

करना चाहिए। अगर बिजली का इंतजाम नही होगा तो पीने के पानी का और सिंचाई के पानी का बिल्कुल इंतजाम नही होगा। डिप्टी स्पीकर साहब, ये सारी चीजें बाढ की वजह से हुई है और यह सारे राहत के काम इनको करते चाहिये। मेरी तो सरकार से यही दरख्वास्त है कि अधिक से अधिक राहत लोगो को दी जाए। उपाध्यक्ष महोदय, आप ने मुझे बोलने के लिए समय दिया उसके लिए मै आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थन ग्रहण करती हूं।

चौधरी सतबीर सिंह कादयान (नौथला): डिप्टी स्पीकर साहब, जुलाइ के महीने में हरियाणा प्रदे ा में बहुत ज्यादा बारि ा हुई। बारि ा तो हर साल होती ही है। बारि ा को भी कंट्रोल नही किया जा सकता परन्तु जो बजट का पैसा है या जो केन्द्र सरकार से धनरा ि ा प्राप्त होती है, वह सही तरीके से उस काम पर खर्च की जानी चाहिये जिसके लिये उसका प्रावधान किया गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, बडे दुर्भाग्य की बात है कि पिछले 2 साल से मौजूदा सरकार ने केन्द्र सरकार से प्राकृतिक प्रकोप से राहत देने के लिये जो पैसा मिला है उसमें से एक भी पैसा ड्रेनो की सफाई के लिए खर्च नही किया है, बल्कि नकली और फर्जी बिल बनाकर छोटे मोटे ठेकेदारो के तहत सारा पैसा ये हडप कर गए। कोई पैसा इनहोने खर्च नही किया। ड्रेनो के अन्दर बडे बडे झाड और मिट्टी से कटाव पड गए। बरसात से पहले जो प्रिवैंटिव मैथडज लेते है, जो सावधानी सरकार को बरतनी चाहिए, वह नही बरती गई। यह सम्भावित होता है कि जून जुलाई अगस्त और

सितम्बर महीनो में बारि ा होगी परन्तु मौजुदा सरकार ने इस तरफ कोई ध्यान नही दिया और जब सरकार ने ध्यान नही दिया तो स्वाभाविक तौर पर जो ड्रेने थी वे अट गई, उसमे जब पानी का फ्लो नही होगा तो उसके किनारे टूट जाएंगे। नहरो के किनारे टूटने से जान माल और फसलो का नुकसान हुआ। 50 के करीब जाने फ्लड की वजह से गई और अनेको बीमारियां भी फैली। मौजूदा सरकार ने पिछले 2 साल से किसी भी गांव में डी0 डी0 टी0 का छिडकाव नही किया जबकि पहले ये छिडकाव हर साल होते थे। रिंग बांध की स्कीम चौधरी देवी लाल ने गावो को बाढ से बचाने के लिए भाुरु की थी। उन्होने 1978 में रिंग बांध बाधें थे परन्तु उन बांधो की मुरम्मत नही की गई और उनकी तरफ कोई ध्यान नही दिया गया। एस0 वाई0 एल0 टूटने की वजह से पंजाब से जो पानी आया, उससे सिरसा और हिसार जिलो में पानी से तबाही हुई। इस तबाही का ि ाकार मै समझता हूं कि हमारे प्रदे ा के सिंचाई मंत्री श्री जगदी ा नेहरा साहब भी हुए। इन्हे भी बरसात का गन्दा पानी पीने को मिला भाायद इसलिये ये बीमार भी हो गये। मे समझता हूं कि ये भी बीमारी का ि ाकार इसी बाढ के प्रभाव से गंछा पानी पीने से हुए। जो सरकार अपने मंत्रियो का ध्यान नही रख सकती वह आम प्रजा का ध्यान कैसे रखेगी। कैथल में ड्रेन टूटने की वजह से कितनी भारी तबाही हुई हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने निश्ठा से काम करते हुए चौटाला साहब के निर्दे ा से गांव गांव में कैम्प लगाए, लोगो को फ्री दवाईयां दी, डाक्टरो ने मदद दी, परन्तु हरियाणा सरकार की

तरफ से कोई राहत नही दी गई। डिप्टी स्पीकर साहब, आज किसानो के टयूबवैल तबाह और नश्ट हो गए है, उनकी मोटरे खड्डो में 20–20, 30–30 फूट नीचे दब गई हैं। मोटरे जल गई है, परन्तु इस मौजुदा सरकार को इसका कोई दुख नही है। एक समस्या और पैदा हो गई है कि पहले फ्लड की स्थिती थी लेकिन अब नहरो में पानी नही है। इतनी अपार बारि ा होने पर पानी कहां गया। पहले जुलाई और अगस्त और सितम्बर के महीनो में नहरे कभी भी एक दिन के लिए बन्द नही होती थी लेकिन आज नहरो में ओसरे लगे हुए है, किसी भी गांव में टेल पर पानी नही पहुंचता। डिप्टी स्पीकर साहब, सिरसा का ऐरोड्रम जनमग्न हो गया, पानीपत के थर्मल प्लांट मे ंपानी भर गया क्योंकि वहां पर भी नहरो की सफाई नही हुई। पहले ड्रेनेज महकमे को समय पर पैसा दे दिया जाता था ताकि वे समय पर सफाई करवा ले, परन्तु आज सफाई न होने की वजह से सुखडाना, आसन, कालखों मुंडारी, कांसापुर कितने ही गांव ऐसे है, जिनमे पानी भर गया। सरकार की तरफ से कोई अधिकारी और कोई मिनिस्टर उनको सहायता देने के लिए पूछने नही गया। सारी सडके टूट गई, सारे रास्ते बन्द हो गए। उपाध्यक्ष महोदय, लोगो ने दो तीन बार अपनी जीरी की फसल लगाई लेकिन सरकार ने किसी को मुआवजा नही दिया और न ही इनके यह पता है कि कितने एकड में किसी गांव में नुक्सान हुआ है। अभी तक मै समझता हूं यह सरकार आंकडे तैयार करने लगी है। उपाध्यक्ष महोदय, जब किसी गरीब का मकान गिर जाता है और उसके पास रहने के लिए कोई जगह न रह

जाए तो उसको राहत दी जाए। राहत का मतलब होता है कि जितना नुक्सान होता है उसकी भरपाई के लिये सरकार की तरफ से अनुदान दिया जाए। उपाध्यक्ष महोदय, 1988 में जब बाढ आई थी तो पांच हजार की मदद दी गई थी। उसके बाद आजतक रुपये का कितना डीवैल्ये ान हुआ, रुपए की कितनी कीमत गिरी है यह सभी को पता है। उसके हिसाब से आज वह रा ि ा 18–20 हजार रुपए होनी चाहिए। जब बजट मे ंबढौतरी की जाती है तो इसमें क्यो नही की जाती है। उपाध्यक्ष महोदय, फ्लड के दौरान जो गेहूं का भण्डार था, कुछ तो पानी मे बह गया और काफी नुकसान हो गया कुछ जगह नही हुआ है। जहां पर नुकसान नही हुआ है वहां पर फर्जी नुकसान दिखाया गया है। यह सब मिलीभगत से ही दिखाया गया है। रिपोर्ट भी इस तरीके से तैयार की गई है कि यह नुकसान हो गया है। उपाध्यक्ष महोदय, आंकडे तैयार है, 12 करोड एक बार और 13 करोड दूसरी बार दिखाया गया। केन्द्र की तरफ से जो 45 करोड रुपए मिले थे, उस रा ि ा में से किसी को राहत के तौर पर एक पैसा भी नही दिया गया। मै तो यह कहता हूं कि ये इस पैसे को बाढ से पीडित लोगो को राहत देने के लिये नही बल्कि गलत तरीके से, दूसरे तरीके से प्रयोग करना चाहते है। तूडी सरकार ने130 रुपए क्विंटल खरीदी है, पानीपत में 70–75 रुपए में मिल सकती है। लेकिन आज किसान वह सबसिडी होने के बाद 40 रुपये में मिल सकती है। लेकिन आज सरकार वह 165 रुपये में खरीदने को मजबूर है। सरकार इस तरफ पूरा ध्यान न देकर उनकी मदद नही कर रही

है। बाढ राहत के लिये बजट के अन्दर हरियाणा सरकार ने कितना पैसा रखा है? क्या बारि ा से पहले गुप्ता जी ने पैसा कही पर रिलीज किया है या सांप बनकर उस पर बैठे रहे। (विघ्न) वह तो आप मेरे से ज्यादा जानते है। बिजली का प्रदे ा में जो हाल है वह सब जानते है। चौधरी देवी लाल जी की सरकार में 20 से 24 घंटे बिजली मिलती थी लेकिन मौजूदा सरकार ने नारा दिया कि हम 25 घंटे बिजली देंगे इसका मतलब यह हुआ कि ये 24 घंटे नही देंगे सिर्फ एक घंटा देंगे। गांव और भाहरो में भी आज डिस्पैरीटी है। पानीपत भाहर में हम देखते है कि 20–22 घंटे बिजली देते है क्योंकि उनको खु ा करना है। परन्तु हमारे जो नौलथा असंध और समालखा के इलाके है, उनके टयूबवै पर 3 घंटे भी बिजली नही आती। उपाध्यक्ष महोदय, पानीपत थर्मल प्लांट के अंदर एक 132 के0 वी0 का सब–स्टे ान लगना था और 8–8–93 को इन्सटाल होना था। मुख्य मंत्री जी अपनी ताकत का इस्तेमाल करके उसको 7–8–93 को ही कही ंऔर ले गए। उपाध्यक्ष महोदय, एक ट्रांसफार्मर को री–चार्ज करने के लिए कम से कम 40 दिन की जरुरत होती है। नौथला मे सब–स्टे ान एक्सटैं ान के लिये मंजूर है परन्तु उसको नही दिया गया है। एक एक सब–डिवीजन के अन्दर साठ सौ और नौसौ के बीच में ट्रांसफार्मर जले है। ट्रांसफार्मर के लिये पैसे लिए जाते है, अधिकारी लोगो की ि ाकायते नही सुनते और आज बिजली की हालत यह हो गई है कि वोल्टेज बहुत ही डिम आती है। हमारी मोटरे सड जाती है। वे किसानो पर छापे मारते है। इन्होने

प्रदे ाो में किसी भी उद्योग पर आज तक छापा नही मारा। मुख्य मंत्री जी घोशणा करते है कि प्रदे ा में उद्योगो पर बिजली का कट लगाया गया है परन्तु उद्योगो मे कट के बावजूद भी किसानो की एक मिनट भी ज्यादा बिजली नही हुई है। या तो मुख्य मंत्री जीग लत बोलते ळै या इनकी घोशणाएं गलत है या फिर इस सरकार की सारी नीतियो गलत है। आज प्रदे ा की हालत बुरी है। पहले लोग बाढ से परे ाान हुए और आज लोग सूखे की चपेट में है। डिप्टी स्पीकर साहब, जिस तरह से आज बाढ से मरने वालो को श्रद्धांजलि दी गयी है कही ऐसा न हो कि आने वाले दिनो में या अगले सै ान में भूख से तडपकर मरने वाले लोगो को हमें मजबूर होकर ही श्रद्धांजिल न देनी पडे। हरियाण प्रदे ा का कोई भी मंत्री या अफसर गांव के लोगो के कश्टो को दूर करने के लिये गांव मे नही पहुंचा है। वे केवल रैस्ट हाउस में ही बैठकर कागजी कार्यवाही करते है जबकि इस कागजी कार्यवाही से कोई लाभ नही है। (व्यवधान)अगर आप अपने जिले में जाकर कह दे कि वहा ंपर बिजली पूरी मिल रही है तो हम मान लेंगे। उपाध्यक्ष महोदय, लोग इनके किसी मंत्री को भी गांव में घुसने नही देंगे। लोग असहाय है, लेकिन मरता क्या न करता वाली कहावत कही पूरी न हो जाए। अगर ऐसा हो गया तो आपको लेने के देने पडेगे। उपाध्यक्ष महोदय, इस तरह से प्रदे ा की अर्थव्यवस्था को घाटा होगा क्योंकि अगर किसान अन्न पैदा नही करेगा तो वह सरकार को टेक्स किस प्रकार देगा और अगर वह टैक्स नही देगा तो सरकार कैसे चलेगी? मार्किटिंग बोर्ड का जो

पैसा किसानो की भलाई के लिए लगना था वह आज भाहरो को सुन्दर बनाने में लगाया जा रहा है। आज सडको की बूरी हालत है। हल्को के साथ भेदभाव किया जा रहा है। आज यह देखा जाता है कि कौन सा हल्का कांग्रेस विधायक का है और कोन सा हल्का विपक्षी विधायक का। आज प्रदे ा की इस सरकार ने दयनीय स्थिती कर दी है। उपाध्यक्ष महोदय, मै तो यह कहता हूं कि इस सरकार ने मौरल ग्राउंड पर रिजाईन करना चाहिए ताकि लोगो की भलाई हो सके।

श्री धीरपाल सिंह (बादली): डिप्टी स्पीकर साहब, आज सदन में बाढ लीला से जो भयंकर नुक्सान हुआ था, उस पर चर्चा हो रही है। जुलाई माह में पूरे प्रदे ा में भयंकर बाढ आयी और 15 जिलो मे से 13 जिले बाढ से प्रभावित हुए। ये जिले न केवल प्रभावित हुए बल्कि वहां पर जान और माल का भी काफी नुकसान हुआ। उपाध्यक्ष महोदय, जिस इलाके में, जिस गांव में, जिस भाहर में सात–2 फूट पानी खडा हो या सात सात फूट पानी वहां से गुजरे तो आप खुद कल्पना कर सकते है कि उसमें क्या बचता है। मै आपको बताना चाहता हूं कि जाखल मंडी में सात फूट पानी आया। हमारी पार्टी के दो विधायको श्री जिले सिंह और श्री बलवन्त सिंह ने वहां पर 24 तारीख को देखा वहां पर बहुत बुरा हाल था और लोग कम से कम 200 ट्रैक्टरो की सहायता से लोगो की मदद कर रहे थे। कोई उनको पानी से निकाल रहा था और कोई उनकी किसी दूसरी तरह से मदद कर रहा था। लेकिन

प्र ाासन ने कही नही देखा कि क्या हो रहा है। केवल वहां पर एक बाबा आदम के जमाने का पम्प लगा हुआ था जो कि पानी निकाल रहा था। उस पम्प की कपैसिटी भी बहुत कम थी। लोगो ने वहां बताया कि केवल एक बात तहसीलदार साहब यहां आए थे और वह भी नहर पर से ही वापस भाग गये क्या आप भी उनकी तरह वापस जाएंगे? हम बडी मु कल से ट्रैक्टर पर बैठकर गांव के अन्दर गएं गांव में केवल उंचे इलाके के 100 घर ही बाकी बचे हुए थे, जहां पर पानी नही गया था और बाकी कोई धर ऐसा नही था जहां पर मलेरिया से बुखार से या अन्य किसी बीमारी से वे लोग पीडित न हो। हम वहां पर गए और हमने वहां पर देखा गर्दन के नीचे तक पानी था और बहने पानी लेकर आ रही थी। उन्होने कमैंट भी किया कि ये लेाग कुर्ता पायजामा पहन कर आ गए है, इनको क्या पता कि हम कितने दुखी है, कोई स्वासथय विभाग का कर्मचारी वहां नही आया। मै डी0 सी0 भिवानी से मिला। भिवानी का सारा हाउसिंग बोर्ड पानी से धिरा था। जब मैने एक अधिकारी से इसके बारे में कहा तो डिप्टी स्पीकर साहब, उसने जवाब दिया कि अगर कोई कुंए में जाकर मकान बनाए तो हम क्या करे? इससे ज्यादा दुख की बात और क्या हो सकती है? डी0 सी0 और ए0 डी0 सी0 को तो व्यवस्था करनी चाहिए थी। हाउसिंग बोर्ड तो प्लने जगह में बना हुआ है, उसके साथ दूसरी बस्तियां जहां पानी आ गया था .....(विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः धीरपाल जी, डायरैक्ट न बोलिए।

श्री धीरपाल सिंहः डी0 सी0 भिवानी ने कहा कि रात को पम्प आ जाएंगे। रात को ही हम बिरही गए वह सारा गांव पानी से घिरा हुआ था। लोगो ने गांव खाली कर दिए थे। हम सिरसा गए, सिरसा में लोगो ने बताया कि पूरा सिरसा पानी में डूबा हुआ है और अरोडा साहब चन्द्रमोहन की जीत की खु ाी में लड्डू बांट रहे है। लोगो ने यह बात रोते हुए बताई थी।

श्री उपाध्यक्षः डिस्क ान का विशय फलड है, लछमण दास अरोडा नही है। Please confince your speech to the subject under discussin.

श्री धीरपाल सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, जानबूझकर सिरसा को डुबोया गया। भाग्य से वहां सेना आ गई, अगर सेना न आती तो फतेहाबाद का कम साफ हो गया होता। कैथल, अम्बाला और हिसार के कुछ इलाक पानी में डूबे हुए थे। हमारे रोहतक के गावों में पानी आया। मेरे बादली इलाके के 5–6 गावों में पानी आया। लोगो ने डी0 सी0 को कहा कि कम से कम स्पे ाल गिरदावरी होनी चाहिए, जिन लोगो का नुक्सान हुआ है, उनको सहायता मिलनी चाहिये। लेकिन उन्होने एक नाली काटकर दूसरी नाली में पानी भेज दिया लोगो की अरहर और बाजरा की खेती बर्बाद हो गई। लेकिन अब जीरी की खेती लगानी चाही तो जीरी की खेती सूखे की वजह से बर्बाद हो रही है। सरकार 1200 रुपये में मकान बनाने की बात कह रही है, मै नाम देता हूं मुडा खेडा गाव में एक मकान गिर गया। गांव के सरपंच ने एक कर्मचारी को

वहां भेजा। मकान का एक हिस्सा गिरा हुआ था। उस कर्मचारी ने कहा कि इस मकान की कडियां अपनी मर्जी से उतारी हुई है। उपाध्यक्ष महोदय, कच्ची झोपडी हो या मकान हो, जहां तक मेरी जानकारी है, जो उसमें रहता है अपने मकान को आप नही गिरा सकता। महंगाई के इस युग में एक ईंट लगाना दूभर हो जाता है। 1200 रुपये के लिए कोई मकान गिराएगा?

प्रो0 सम्पत सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा कहना यह है कि मुख्य मंत्री जी या रैवेन्यू मिनिस्टर हमारी बातो को नोट करें। इनकी हालत तो यह है कि दोनो आपस में बैठकर गप्पे मार रहे है। रैवेन्यू मिनिस्टर के पास बैठे दूसरे लोग गप्पे मार रहे है। Sir, they are not taking it seriously. This is the situation. (Interruption) Sir, this is a very serious matter. (Interruptions).

Mr. Deputy Speaker: Please take your seat. Sampat Singj Ji, they are sitting on the treasury benches. They are also taking notes of the discussion.

Prof. Sampat Singh: This is directly related to Revenue Minister and the Revenue Minister is also there but he is gossiping. (Interruptions).

Mr. Deputy Speaker: Please have your seat. No interruptions please.

श्री धीरपाल सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मै आपके माध्यम से सरकार से कह रहा था कि सैंकडो डीप टयूबवैलज

पानी आने की वजह से बैठगए है। एक किसान एक एक टयूबवैल लगाने पर एक एक लाख रुपया लगाता है। यह जो 1200 रुपये का कम्पनसे ान दिया जा रहा है, यह बहुत ही कम है, आज सरकार नाम की कोई चीज नही है। इस बाढ की लीला के बारे में मुख्यमंत्री जी द्वारा किए गये सर्वेक्षण के बारे में ट्रिब्यून में 'ताऊ बोल्या' में एक भाब्द आया था कि हवाई निरीक्षण करने के बाद कोई पैसा बचेगा तो बाढ राहत पर खर्च करेंगे। यह ताऊ बोल्या ने ट्रिब्यून अखबार में लिखा था। हमारे मुख्य मंत्री जी कितने मेहरबान है। हवाई सर्वेक्षण ही करते है। जनता में जाने की हिम्मत नही है क्योंकि अपने राजकुमार को ही जगह जगह पर ले जाकर इस तरह से प्रस्तुत किया जा रहा है ताकि वह कामयाब हो सके। इनके पास केवल एक ही काम है। बाढ से निपटने के लिये सरकार का जो दायित्व होता है, वह सरकार नही निभाती। सरकार की इस कोताही की वजह से ओर गैरजिम्मेवारी की वजह से प्रदे ा में करोडो का नुकसान हुआ। 40 आदमियो की मौत हुई। हजारो प ा मारे गए। हजारो प ा बीमार हो गये। इसी वजह से अब हमें भंयकर सूखे का सामना करना पड रहा है। रोहतक, भिवानी, नारनौल जैसी जगहो पर सूखे की हालत पैदा हो रही है। वहा ंपर बिजली नाम की कोई चीज नही है। 18 तारीख रात के 12 बजे कट हो गया। रोहतक के आस पास के लोग इकट्ठे हो गये। उन लोगो के इधर से उधर घुमाना भाुरु कर दिया आखिर में वहां पर हालात यह हो गयी कि हजारो आदमियो ने एस0 ई0 को रोहतक में पीट डाला। मुख्य मंत्री महोदय, बिजली देना तो

सरकार का काम है। ऐसा बिजली का बंटवारा होना चाहिये कि उसमें कोई भेदभाव न हो। इसकी जिम्मेवारी तो सरकार की है लेकिन पिटाई एस0 ई0 की या एक्स0 ई0 एन0 की जो तो वह तो भाग जाएंगे। हमारे साथी ने चर्चा की। हमारे यहां पर ट्रांसफार्मर जले हुए है। वहां पर एक्स0 ई0 एन0 यह एस0 ई0 यह कह रहा है कि अगर 2000 यह 3000 रुपया दोगे तो यह ट्रांसफार्मर चेंज हो जायेगा। आखिर यह पैसा कौन से खोते में जाएगा या किस हैड में जा रहा है। क्या यह सरकार की जिम्मेवारी नही है कि वह ट्रांसफार्मर बदले? बाढ के बाद पूरी बिजली देनी चाहिये थी लेकिन यह सरकार नही दे रही है। 1987 में हमारी सरकार थी। चौधरी देवी लाल से उस वक्त भगवान भी नाराज हो गया था क्योंकि बारि ा नही हुई थी। अब बारि ा तो हो गयी है। उस वक्त हमने जबकि एक बूंद भी बारि ा नही हुई थी, लोगो को पूरी बिजली दी थी। चौधरी देवी लाल ने लोगो को 24 घंटे बिजली मुहैया करवाई थी। उस समय लोगो का यह अहसास हो गया था कि सूखा नाम की कोई चीज हरियाणा में नही है। अब जबकि प्रदे ा में सूखा भी नही है क्योंकि बारि ा हो चुकी है तब भी लोगो को एक तरफ तो बिजली सप्लाई नही की जा रही है दूसरी तरफ कारखानो की पूरी बिजी दी जा रही है। मै यह कहना चाहता हूं कि मुख्य मंत्री जी के कारखाने पर कट की कोई बात ही नही है। कंधे मटकाते हुए यह कह देंगे कि कारखानो में या फैक्टरीज में कोई कट नही है। ऐसी हमारे पास जानकारी है कि कट केवल कृशि क्षेत्र में है। इसकी इंक्वायरी कराई जाए।

उपाध्यक्ष महोदय, इनके दामाद और इनकी फैक्टरी में कोई कट नही है। हांडी में दो पेट होनी वाली बात ठीक नही है। इसलिये हम चाहते है कि समय रहते हुए सरकार सचेत हो जाए ओर लोगो की जो दिक्कतें है उनको दूर करते हुए अपना दायित्व निभाए। (ाोर एवं व्यवधान)

डा0 राम प्रका ा (थानेसर): उपाध्यक्ष महोदय, हरियाणा मे जुलाई मास मे बाढ की वजह से जो गम्भीर स्थिती पैदा हुई उस पर यह सदन काफी चिन्ता प्रकट कर रहा है। मैने ध्यानाकर्शण प्रस्ताव के माध्यम से इस सदन में कुछ जानकारी प्राप्त करनी चाही ाी कि जो विना ा जुलाई के महीने में हुआ उसके लिये हम क्या कर रहे है, क्या पग उठाए जाने चाहिए और भविश्य के लिये क्या सावधानियां बरती जाएं,इस बात की चर्चा नितान्त आव यक है। (इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए) मै अध्यक्ष महोदय, महोदय के माध्यम से सिंचाई मंत्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि कुल विना ा का जायजा जो सरकार ने लिया है वह कितना लिया है। कितने लोग मरे है, कितने प ाुओ की हानि हुई है। कितन घर गिरे हैं, कितने लोग हे जो उजड गए है, कितनी फसल का नुक्सान हुआ है और चारे का जो नुक्सान हुआ है उसकी क्या व्यवस्था की गई है। इन सारी बातो का जायजा सरकार ने अव य ले लिया होगा। पूरे आंकडे सरकार के पास होगें क्योकि राहत कार्य इसी आधार पर आरम्भ किया गया होगा...

.....

श्री पीर चन्दः स्पीकर साहब, हमारे साठ गांव बर्बाद हो गए है। हमें तो अपनी बात कहने का मौका मिलना चाहिए।

श्री अध्यक्षः चौधरी पीन चन्द जी, आपका काल अटैन ान मो ान है। You will also be allowed to speak on this motion. Now you please take your seat. (Interruptions).

डा0 राम प्रका ाः अध्यक्ष महोदय, एक गरीब आदमी जो दिन रात मेहनत करके अपने परिवार को पालता है इतनी बडी तबाही के बाद अपना गुजारा चला सकेगा, यह बडा मु कल है। इसलिये मै जानना चाहता हूं जो नुक्सान हुआ है उसके आधार पर सरकार ने कितनी मदद देनी तय की है ओर उसमें से कितनी रा ा बांटी जा चुकी है और कितनी रा ा कब तक बांट दी जाएंगी। इसके साथ ही मै यह भी जानना चाहूंगा कि डिसिलटिंग के लिये पिछले साल का जो बजट था उस पहले साल के बजट प्रोवीजन के खिलाफ कितना अमाउन्ट खर्च किया गया। इस बरसात के बाद जो खर्च करना था वह तो खर्च किया जाएगा लेकिन मै तो जानना चाहता हूं कि पिछले साल की जो बरसात थी उसके बाद कितना पैसा डिसिलटिंग पर खर्च किया गया। अध्यक्ष महोदय, साईफन के अन्दर मैने देखा कि बहुत ज्यादा कुडा भरा हुआ था ओर एक प ा भी उसके अन्दर फंसा हुआ था। अध्यक्ष महोदय, थानेसर में भाांतिनगर और रामनगर जैसी बस्तियां है। अगर ये अनअथोराइजड बस्तियां है तो अथोराइजड करने के लिए भीघ्र पग उठाए जाएं। क्योंकि उनको अथोराईजड करने के

